# पाठ - 9

# बदलते परिवार

---

## चित्रों को देखकर लिखो

**Q1. निम्मी के परिवार में छोटी बहन के जन्म से पहले कौन-कौन थे?**

**उत्तर :** निम्मी के दादा-दादी, निम्मी के मम्मी-पापा, निम्मी के चाचा तथा निम्मी।

**Q2. अब इस परिवार में कुल मिलाकर कितने लोग हैं?**

**उत्तर :** पहले इस परिवार में छः लोग थे। अब निम्मी की छोटी बहन के जन्म के बाद कुल सात लोग हो गये हैं।

## बताओ

**Q1. छोटी बहन के आने से निम्मी के सभी घरवालों के जीवन में क्या-क्या बदलाव आयेंगे? जैसे अब निम्मी अपना दिन कैसे बितायेगी?**

**उत्तर :** निम्मी अब अपनी छोटी बहन के साथ खेलते हुए अपना दिन बितायेगी।

**Q2. माँ अब क्या-क्या नये काम करेगी?**

**उत्तर :** माँ अब अपनी छोटी बच्ची के देखभाल का नया काम करेगी।

**Q3. पिताजी, दादी और चाचा के दिनभर के कामों में निम्मी की नई बहन के आने से बदलाव हो जायेंगे। क्या तुम बता सकते हो कैसे?**

**उत्तर :** पिताजी, दादाजी और चाचा के दिनभर के कामों में निम्मी की छोटी बहन से खेलना, उसकी देखभाल करना जैसे बदलाव हो जायेंगे।

**Q4. क्या तुम्हारे घर या आस-पड़ोस के किसी घर में बच्चे का जन्म हुआ है?**

**उत्तर :** हाँ, मेरे पड़ोस में एक बच्चे का जन्म हुआ है।

**Q5. घर में नन्ही बच्चा आने से कैसा लगता है?**

**उत्तर :** घर में नन्ही बच्चा आने से सभी खुश हो जाते हैं।

**Q6. इससे घर में क्या-क्या बदलाव आते हैं?**

**उत्तर :** घर में सभी खुश रहने लगते हैं, सभी लोग नये बच्चे के लालन-पालन, उसकी देखभाल तथा उसके भविष्य के लिए नई योजना बनाते हैं।

**Q7. तुम्हारे या किसी रिश्तेदार के घर में, जो सबसे छोटा बच्चा है उसके बारे में कुछ बातें पता करो और लिखो उसका जन्म कब हुआ?**

**उत्तर :** उसका जन्म दो सप्ताह पहले हुआ है।

**Q8. वह लड़की है या लड़का?**

**उत्तर :** वह एक लड़की है।

**Q9. तुमसे उसका क्या रिश्ता है?**

**उत्तर :** वह मेरी बहन लगती है। वह मेरे मामा की लड़की है।

**Q10. उसका जन्म कहाँ हुआ?**

**उत्तर :** उसका जन्म अस्पताल में हुआ।

**Q11. वह शक्ल में किसके जैसा दिखाई देती है?**

**उत्तर :** वह अपनी माँ के जैसा दिखाई देती है।

**Q12. उसके बालों का रंग कैसा है?**

**उत्तर :** उसके बालों का रंग काला है।

**Q13. उसकी आँखों का रंग कैसा है?**

**उत्तर :** उसकी आँखों का रंग काला है।

**Q14. क्या उसके दाँत हैं?**

**उत्तर :** उसके दाँत नहीं हैं।

**Q15. अभी उसकी लम्बाई कितनी है?**

**उत्तर :** अभी उसकी लम्बाई करीब दो फुट है।

**Q16. बच्चा दिन में कितनी देर सोता है?**

**उत्तर :** वह दिन में लगभग 8 घंटे सोता है।

**Q17. वह क्या-क्या आवाजें निकालता है?**

**उत्तर :** वह रोता है तथा तरह-तरह की आवाजें निकालता है।

**Q18. वह किसके पास ज्यादा रहता है?**

**उत्तर :** वह अपनी मम्मी के पास ज्यादा रहता है।

**Q19. अपनी कॉपी में बच्चे का एक फोटो चिपकाओ या चित्र बनाओ।**

**उत्तर :**



**Q20. तुम्हारे आज के परिवार का पेड़ तुम्हारे दादा, दादी, नाना या नानी के बचपन के पेड़ से किस तरह अलग है?**

**उत्तर :** मेरे परिवार के पेड़ में कम लोग हैं, जबकि दादा, दादी, नाना या नानी के बचपन के पेड़ में ज्यादा लोग एक साथ रहते थे।

## बदली हो गई

**Q1. बाबा की बदली होने के कारण सेरिंग के परिवार में क्यों बदलेगा? जैसे-सेरिंग के परिवार में से कौन-कौन उसके पापा के नये घर में रहेंगे?**

**उत्तर :** सेरिंग की माँ, बहन तथा सेरिंग अपने पापा के घर में रहेंगे।

**Q2. सेरिंग अब किस स्कूल में जायेगा?**

**उत्तर :** सेरिंग अब नये स्कूल में जायेगा।

**Q3. क्या सेरिंग के दोस्त बदलेंगे?**

**उत्तर :** हाँ, सेरिंग को नये दोस्त मिलेंगे।

**Q4. क्या तुम्हारे परिवार में भी किसी को काम के कारण नई जगह जाना पड़ा था?**

**उत्तर :** हाँ, मेरे चाचा को काम के कारण दिल्ली जाना पड़ा।

**Q5. तुम्हें यह बदलाव कैसा लगा?**

**उत्तर :** यह एक सामान्य बदलाव था। परन्तु हमलोग बहुत खुश थे, क्योंकि हमलोगों को एक नई जगह देखने का मौका मिलेगा।

**Q6. क्या तुम्हारी कक्षा या स्कूल में भी दूसरी जगह से बच्चे आए हैं? यदि हाँ, तो उनसे बातचीत करो।वे कहाँ से आये हैं?**

**उत्तर :** वह मध्य प्रदेश के भोपाल से आया है।

**Q7. पहली जगह का स्कूल कैसा था?**

**उत्तर :** पहली जगह का स्कूल काफी अच्छा था, परन्तु यह स्कूल ज्यादा अच्छा है।

**Q8. उन्हें यहाँ क्या-क्या नया लगा?**

**उत्तर :** उसे यहाँ नये-नये दोस्त मिले।

**Q9. क्या उन्हें यह बदलाव अच्छा लगा?**

**उत्तर :** हाँ, उसे यह बदलाव बहुत ही अच्छा लगा।

## शादी है

**Q1. क्या इस शादी के कारण नाज़ली के परिवार में कुछ बदलाव होंगे? क्या-क्या बदलाव होंगे?**

**उत्तर :** इस शादी के कारण नाज़ली के परिवार में एक नई सदस्य आई हैं। नाज़ली को एक नई भाभी मिली।

**Q2. जिस घर से नाज़ली की नई भाभी आई हैं, क्या उस परिवार में भी कुछ बदलाव हुए होंगे? क्या-क्या?**

**उत्तर :** हाँ, उस घर को एक नया दूल्हा मिला, परन्तु उनकी बेटी दूसरे घर, अपने ससुराल में रहने चली गई। सभी लोगों को उसकी बहुत याद आयेगी।

**Q3. तुम भी अपनी माँ, चाची या मामी से पता करो कि वे उनकी शादी से पहले कहाँ रहती थीं।**

**उत्तर :** वे शादी के पहले अपने माँ-पिताजी के घर रहतीं थीं।

**Q4. तब उनके परिवार में कौन-कौन थे?**

**उत्तर :** उनके परिवार में वे, उनके भाई, उनके माता-पिता तथा दादा-दादी थे।

**Q5. क्या तुम्हारे परिवार में भी किसी की नई-नई शादी हुई है? किसकी?**

**उत्तर :** हाँ, मेरे परिवार में मेरे चाचा की नई-नई शादी हुई है।

**Q6. क्या कुछ खास खाना पकाया जाता है? क्या-क्या?**

**उत्तर :** शादी में पुलाव, दाल, पूरी, कई तरह की सब्जियाँ, मिठाईयाँ, खीर इत्यादि बनाया जाता है।

**Q7. दूल्हा-दुल्हन कैसे कपड़े पहनते हैं?**

**उत्तर :** दूल्हा शेरवानी, चूड़ीदार पाजामा तथा पगड़ी पहनता है। दुल्हन लंहगा, चुनरी तथा रेशम की कढ़ाई की गई ओढ़नी पहनती है।

**Q8. शादी के नाच-गाने किस तरह के होते हैं?**

**उत्तर :** शादी के अवसर पर क्षेत्रीय तथा आधुनिक दोनों तरह के नाच तथा गाने होते हैं।

**Q9. तुम जब किसी शादी में गये थे, उसमें तुमने क्या-क्या देखा? अपनी कॉपी में चित्र बनाकर बताओ। कक्षा के और। बच्चों के चित्र भी देखो।**

**उत्तर :**



## बदलाव के कारण लिखो

**Q1. निम्मी के परिवार में।**

**उत्तर :** निम्मी के परिवार में नई बच्ची के जन्म होने से बदलाव आये।

**Q2. सेरिंग के परिवार में।**

**उत्तर :** सेरिंग के परिवार में उसके बाबा के नये शहर में बदली हो जाने से बदलाव आया।

**Q3. नाज़ली के परिवार में।**

**उत्तर :** नाज़ली के परिवार में उसके चचेरे भाई की शादी होने से नई दुल्हन आयी।

**Q4. क्या परिवारों में बदलाव कुछ और कारणों से भी हो सकते हैं? पता करो, किन-किन कारणों से?**

**उत्तर :** परिवार में बदलाव कई कारणों से हो सकते हैं, जिनमें से कुछ निम्नलिखित हैं-परिवार के किसी सदस्य की नौकरी लगने से,परिवार के किसी सदस्य के अच्छे स्कूल में एडमिशन होने से,नये सामान खरीदे जाने से

**Q5. तीन बड़े लोगों से बात करो-एक तुम्हारे परिवार से, एक तुम्हारे दोस्त के परिवार से और एक अपने पड़ोसी के परिवार से। उनसे नीचे दिये प्रश्न पूछो और तालिका में भरो-**

| | प्रश्न | तुम्हारा परिवार | दोस्त का परिवार | आस-पड़ोस का परिवार |
|---|---|---|---|---|
| ➢ | आपका परिवार कितने सालों से यहाँ रह रहा है? | | | |
| ➢ | यहाँ आने से पहले आपका परिवार कहाँ रहता था? | | | |
| ➢ | आज आपके परिवार में कितने लोग हैं? | | | |
| ➢ | आपके परिवार में दस साल पहले कितने लोग थे? | | | |
| ➢ | आपके परिवार में दस सालों में जो बदलाव हुए हैं, उसके क्या कारण हैं? | | | |
| ➢ | इन बदलावों से आपको कैसा लगता है? | | | |

**उत्तर :**

| | प्रश्न | तुम्हारा परिवार | दोस्त का परिवार | आस-पड़ोस का परिवार |
|---|---|---|---|---|
| ➢ | आपका परिवार कितने सालों से यहाँ रह रहा है? | 10 सालों से | 7 सालों से | 5 सालों से |
| ➢ | यहाँ आने से पहले आपका परिवार कहाँ रहता था? | मुजफ्फरपुर | बनारस | मुम्बई |
| ➢ | आज आपके परिवार में कितने लोग हैं? | 6 सदस्य | 5 सदस्य | 4 सदस्य |
| ➢ | आपके परिवार में दस साल पहले कितने लोग थे? | 5 सदस्य | 4 सदस्य | 5 सदस्य |
| ➢ | आपके परिवार में दस सालों में जो बदलाव हुए हैं, उसके क्या कारण हैं? | मेरे पिताजी की बदली और मेरी छोटी बहन का जन्म | उसके पिताजी तथा चाचाजी की बदली | उसके पिताजी की बदली तथा उसके भाई का जन्म |
| ➢ | इन बदलावों से आपको कैसा लगता है? | हमलोग नये शहर का आनन्द अपने परिवार के साथ ले रहे हैं। | वे नये शहर का आनन्द ले रहे हैं परन्तु अपने चाचाजी की याद आती है। परन्तु वे लोग अपने चाचाजी से मिलने जाया करते हैं। | वे लोग नये दोस्त, नये शहर का आनन्द ले रहे हैं। |

## मेरा परिवार-कल, आज, कल

**Q1. सभी के परिवार किसी न किसी कारण से बदलते रहते हैं। देखें, तुम्हारा परिवार भी बदला है कि नहीं?**


**उत्तर :** हाँ, मेरे परिवार में कई तरह के बदलाव हुए हैं।

**Q2. जब तुम्हारे दादा-दादी या नानी-नाना तुम्हारे जैसे छोटे थे, तब भी क्या तुम्हारा परिवार वैसा ही था, जैसा आज है?**

**उत्तर :** नहीं, तब मेरा परिवार आज जैसा नहीं था, उस समय परिवार में ज्यादा सदस्य रहते थे, परन्तु मैं, मेरी बहन तथा मेरी मम्मी नहीं रहती थी।


**Q3. तुमने अपने परिवार के पेड़ का चित्र भी बनाया था। चलो, फिर से परिवार का पेड़ बनाएँ।**

**उत्तर :**




**Q4. अपने दादा-दादी या नानी-नाना से पता करो कि जब वे तुम्हारी उम्र के थे, तब उनके परिवार में कौन-कौन थे? अपनी कॉपी में उनमें से किसी एक के बचपन के परिवार का पेड़ बनाओ।**

**उत्तर :**




**Q5. क्या इस परिवार के पेड़ में तुम या तुम्हारे भाई-बहन, माँ-पिताजी कहीं दिखाई दे रहे हैं?**

**उत्तर :** नहीं।

**Q6. अब तुम अपने आज के परिवार का पेड़ अपनी कॉपी में बनाओ।**

**उत्तर :**




**Q7. इस पेड़ में अब तुम कहाँ हो? आज तुम्हारे परिवार में कौन-कौन हैं? तुम्हारे दादा-दादी या नानी-नाना कहाँ हैं?**

**उत्तर :** इस पेड़ में मैं सबसे नीचे हूँ। आज मेरे परिवार में हम चार लोग रहते हैं। मेरे दादी-दादा तथा नानी-नाना गाँव में रहते हैं।

## स्कूल में वापसी

**Q1. तुम कहाँ तक पढ़ाई करना चाहते हो?**

**उत्तर :** मैं इंजीनियरिंग तक की पढ़ाई करना चाहता हूँ।

**Q2. तुम्हारे मम्मी-पापा ने कहाँ तक की पढ़ाई की है।**

**उत्तर :** वे दोनों स्नातकोत्तर तक पढ़े हैं।

**Q3. तुम्हारी दादी या नानी को कहाँ तक की पढ़ाई करने का मौका मिला था?**

**उत्तर :** उन लोगों ने बी.ए. तक की पढ़ाई की थी।

**Q4. तुम्हारी दादी और नानी की शादी किस उम्र में हुई थी?**

**उत्तर :** जब वे लोग बी.ए. में पढ़ रहीं थीं।

**Q5. क्या तुमने किसी ऐसे कानून के बारे में सुना है, जो लड़कियों और लड़कों की कम-से-कम किस उम्र में शादी हो, के बारे में बात करता है?**

**उत्तर :** हाँ, मैंने सुना है। उस कानून के अनुसार लड़कियों की शादी कम से कम 18 वर्ष की उम्र में तथा लड़कों की शादी कम से कम 21 वर्ष की उम्र में होनी चाहिए।

## पता करो और लिखो

**Q1. क्या तुम्हारे आस-पास कुछ ऐसे बच्चे हैं, जिनका स्कूल छूट गया है।**

**उत्तर :** हाँ, कुछ ऐसे बच्चे हैं, जिनका स्कूल छूट गया है।

**Q2. बात करके पता करो कि क्या वे फिर से पढ़ना चाहते हैं?**

**उत्तर :** हाँ, वे लोग फिर से पढ़ना चाहते हैं।

**Q3. वे आजकल क्या कर रहे हैं?**

**उत्तर :** वे आजकल काम कर रहे हैं।

**Q4. क्या पिछले दिनों तुम्हारे घर में किसी की शादी हुई है? किसकी?**

**उत्तर :** हाँ, पिछले दिनों मेरे चाचा की शादी हुई है।

**Q5. पता करो दूल्हा-दुल्हन की उम्र क्या थी?**

**उत्तर :** दूल्हा की उम्र 25 साल तथा दुल्हन की उम्र 22 साल थी।